Title: Need to formulate an action plan and allocate funds for development of Vithal Rakmai Temple in Solapur district of Maharashtra.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : अध्यक्ष महोदय, महाराट्र के सोलापुर जिले के अन्तर्गत पंढरपुर में चन्द्रभागा नदी पर विट्ठल रकुमई मंदिर स्थित है और यहां पर प्रत्येक वर्ा देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शनार्थ आते हैं, किन्तु उनके लिए समुचित नागरिक सुविधाओं की भारी कमी है। इसके लिए एक एक्शन प्लान भी बना था मगर उसको आज तक क्रियान्वित नहीं किया गया है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि केन्द्र सरकार वहां आने वाले श्रद्धालुओं को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु एक्शन प्लान को लागू किए जाने हेतु जरूरी कारगर कदम उठाए और उसे तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किए जाने हेतु केन्द्रीय निधि से धन का आवंटन अविलम्ब करे। केन्द्र सरकार के धर्मस्थलों की सूची में पंढरपुर का नाम लिया जाए।